जनपद – उत्तरकाशी एंव देहरादून के अन्तर्गत प्रस्तावित हनोल–त्यूनी जल विद्युत परियोजना के लिए परियोजना कार्यालय, कर्मचारी आवास एवं निर्माण सामग्री के भण्डारण गृहों के निर्माण हेतु सनफ्लैग पावर लि0 को पूर्व में 10 वर्षो की अवधी के लिए दी गयी 0.759 हे0 वन भूमि की लीज का नवीनीकरण।

परियोजना से सम्बन्धित अन्य सूचनायें

जनपद–उत्तरकाशी के अन्तर्गत टोंस नदी पर प्रस्तावित हनोल त्युनी जल विद्युत परियोजना (60 मे0वा0) जो कि उत्तराखण्ड सरकार द्वारा विकासकर्ता सनफ्लैग पावर लि0 को पारदर्शी निविदा के अन्तर्गत निर्माण कार्य एंव संचालन हेतु प्रदान की गई है। परियोजना के प्रारम्भिक चरण के विकास हेतु परियोजना कार्यालय एव निर्माण सामग्री के भण्डारण हेतु भण्डार गृहो के निर्माण तथा देख–रेख हेतु कर्मचारी के आवास की आवश्यकता को देखते हुए परियोजना क्षेत्र के समीप वन भूमि की आवश्यकता है। उक्त प्रयोजन हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पत्र संख्या–8बी/यू0सी0पी0/01/107/2008/एफ0सी0/981 दिनांक 07 अगस्त 2008 से स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेश संख्या 1781/7–1–2008–800 (2213)/2008 दिनांक 21 अगस्त 2008 के द्वारा 10 वर्षों की अवधि के लिये आरक्षित वन भूमि लीज पर दी गई है किन्तु कतिपय तकनीकी कारणवश लीज पर स्वीकृत भूमि पर कोई कार्य सम्पादित नहीं किया जा सका, जिस कारण प्रश्नगत वन भूमि की लीज की अवधि विस्तारित किये जाने की नितान्त आवश्यकता है ताकि परियोजना के अग्रिम कार्यों के लिए गति मिल सके। चूँकि स्वीकृति लीज की अवधि अगस्त 2018 में समाप्त हो रही है अतः नियमानुसार भारत सरकार/राज्य सरकार की स्वीकृती प्राप्त किये जाने हेतु लीज के आगामी 10 वर्षों की अवधि के लिये नवीनीकरण प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है।

for SUNFLAG POWER LTD.

Jagannathan Somu
(General Manager)

(जे0 सोमू)
महाप्रबन्धक
सनफ्लैग पावर लि0